राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# देश की उपासना

जौनपुर से प्रकाशित

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष – 03 | अंक – 265 | जौनपुर | गुरुवार, 15 मई 2025 | सान्ध्य दैनिक (संस्करण) | पेज – 4 | मूल्य – 2 रूपये

## मॉडर्न बेबी नर्सरी स्कूल समिति द्वारा कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर का उद्घाटन

अयोध्या ।गुरुवार को मॉडर्न बेबी नर्सरी स्कूल समिति द्वारा छंजपवदंस प्देजपजनजम व ि म्सिमबजतवदपबे ंदक प्दवितउंजपवद ज्मबीदवसवहल से मान्यता प्राप्त कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर का उद्घाटन हुआ ।इसका उद्घाटन स्कूल के प्रबंधक रमेश चंद्र श्रीवास्तव ने किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य गांव में कंप्यूटर साक्षरता को बढ़ावा देना है ।कार्यक्रम में स्किल हेड विनय शर्मा ने कंप्यूटर के उपयोग और उसकी अनिवार्यता पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छात्रों को प्रैक्टिकल प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा ताकि वे तकनीकी रूप से दक्ष बन सकें ।इस अवसर पर कौशल किशोर सिन्हा ने तकनीक के प्रयोग से समय और संसाधनों की

## प्रधानमंत्री मोदी ने मत्स्य पालन क्षेत्र की प्रगति की समीक्षा के लिए बैठक की अध्यक्षता की



नई दिल्ली, (एजेंसी)। पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को मत्स्य पालन क्षेत्र की प्रगति और भविष्य की योजनाओं की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की । इस बैठक का उद्देश्य गहरे समुद्र में मछली पकड़ने और समुद्री खाद्य निर्यात पर ध्यान केंद्रित करते हुए मत्स्य पालन क्षेत्र को आगे बढ़ाना है । ह घटना मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के अंतर्गत मत्स्यपालन विभाग द्वारा 28 अप्रैल को मुम्बई में 255 करोड़ रुपये की लागत वाली मत्स्यपालन परियोजनाओं का अनावरण किये जाने के कुछ दिनों बाद घटित हुई है। ठिकानों का दौरा किया इसके लिए मंत्रालय का आयोजन किया, जहां केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह ने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के तहत 255.30 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ सात तटीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए प्रमुख परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया, जिससे तटीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मत्स्य पालन क्षेत्र को आगे बढ़ाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता रेखांकित हुई। इलाके में हड़कंप भारत में मत्स्य पालन क्षेत्र ग्रामीण आजीविका को समर्थन देने तथा देश की राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में योगदान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है ।विशाल समुद्र तट और 2.02 मिलियन वर्ग किलोमीटर के विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) के साथ, भारत में समुद्री संसाधन समृद्ध हैं। भारत में समुद्री मत्स्य पालन क्षेत्र में महत्वपूर्ण क्षमता है, जिसका अनुमान 5.31 मिलियन टन है। तटीय राज्य और केंद्र शासित प्रदेश, जिनमें लगभग 3,477 तटीय मछली पकड़ने वाले गाँव शामिल हैं, देश के कुल मछली उत्पादन का 72 प्रतिशत उत्पादन करते हैं और भारत के कुल समुद्री खाद्य निर्यात का 76 प्रतिशत हिस्सा हैं । मंत्रालय ने समुद्री मत्स्य पालन को मजबूत करने और टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रमुख पहलों की एक श्रृंखला भी शुरू की, जिसमें समुद्री मत्स्य पालन जनगणना संचालन, कछुआ बहिष्करण उपकरणपरियोजना, और पोत संचार और सहायता प्रणाली के लिए मानक संचालन प्रक्रिया जारी करना शामिल है।

## पाकिस्तान से बात सिर्फ आतंकवाद, पीओके पर होगी: रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह



श्रीनगर, (एजेंसी)। 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गुरुवार को जम्मू–कश्मीर के श्रीनगर स्थित बादामी बाग कैंट पहुंचे। यहां उन्होंने सेना के जवानों से बातचीत की और उन्हें संबोधित भी किया। उन्होंने कहा कि मैं आज आपकी उस ऊर्जा को महसूस करने आया हूं, जिसने दुश्मनों को नेस्तनाबूद कर दिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, पहलगाम में आतंकवादियों के हमले में हताहत हुए सभी निर्दोष नागरिकों और 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए हमारे सैनिकों को नमन करता हूं। मैं, हमारे घायल सैनिकों के साहस को भी नमन करता हूं और ईश्वर से यह प्रार्थना करता हूं कि वो जल्द से जल्द स्वस्थ हों। इस विषम परिस्थिति में आप सबके बीच आकर आज मैं बहुत ही गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। हमारे प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान आपने जो कुछ किया, उसने पूरे देश को गर्व से भर दिया है। मैं अभी भले ही आपका रक्षा मंत्री हूं लेकिन उससे पहले तो भारत का नागरिक हूं। रक्षा मंत्री के साथ–साथ मैं आज भारत के नागरिक के रूप में भी आपका आभार प्रकट करने आया हूं। जिसने दुश्मनों को नेस्तनाबूद कर दिया। आपने जिस तरीके से सीमा के उस पार पाकिस्तान की चौकियोंऔर बंकरों को ध्वस्त किया।

### संक्षिप्त समाचार

#### मणिपुर में सुरक्षाबलों ने 10 उग्रवादी किए ढेर

इंफाल। भारत–म्यांमार सीमा के पास मणिपुर के चंदेल जिले में असम राइफल्स के जवानों के साथ मुठभेड़ में दस उग्रवादी मारे गए। यह जानकारी भारतीय सेना ने कहा कि बुधवार रात दी। भारतीय सेना की पूर्वी कमान ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि खेंगजॉय तहसील के अंतर्गत न्यू समतल गांव के पास एक उग्रवादी समूह के सशस्त्र कैडरों की आवाजाही के बारे में विशेष खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए स्पीयर कोर के तहत असम राइफल्स इकाई ने बुधवार को एक अभियान शुरू किया। सेना ने कहा, "अभियान के दौरान संदिग्ध कैडरों द्वारा सैनिकों पर गोलीबारी की गई, जिसके बाद जवानों ने जवाबी कार्रवाई की। गोलीबारी में 10 उग्रवादी मारे गए। बड़ी मात्रा में हथियार और गोला–बारूद बरामद किया गया।

#### जजों की कमी संबंधी याचिका पर विचार किया जाएगा : हाई कोर्ट

नई दिल्ली, (एजेंसी)। दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को कहा कि वह न्यायालय में स्वीकृत न्यायिक पदों में 40 प्रतिशत रिक्तियों के बारे में जनहित याचिका (पीआईएल) के बाद प्रशासनिक पक्ष से इस मुद्दे पर विचार करेगा। याचिका में इस संकट को दूर करने और न्याय वितरण में और कमी आने से रोकने के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग की गई है। इस टिप्पणी के मद्देनजर याचिकाकर्ता ने कहा कि यदि यह मुद्दा उच्च न्यायालय के प्रशासनिक पक्ष के समक्ष उठाया जाता है तो वह संतुष्ट होगा और उसने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) ने कहा कि यह मुद्दा सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष लंबित अवमानना घ्याचिका में विचाराधीन है। मेट्रो स्टेशन के पास कार सवार पर फायरिंग, इलाके में हड़कंप मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की खंडपीठ ने याचिकाकर्ता को सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष लंबित याचिका में खुद को पक्षकार बनाने की अनुमति दी। पीठ ने कहा, याचिका का निपटारा किया जाता है।

## सुप्रीम कोर्ट ने सोफिया कुरैशी के खिलाफ मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह की आलोचना की

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कैबिनेट मंत्री कुंवर विजय शाह की भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ की गई टिप्पणी की आलोचना की, जिन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के बारे में मीडिया को जानकारी दी थी, और कहा कि मंत्री को षजिम्मेदारीष के साथ बोलना चाहिए। भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टस जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि जब यह देश ऐसी स्थिति से गुजर रहा हो, तो संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को जिम्मेदार होना चाहिए और उसे पता होना चाहिए कि वह क्या कह रहा है। इलाके में हड़कंप पीठ ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के 14 मई के आदेश के खिलाफ शाह की याचिका पर कल सुनवाई करने पर भी सहमति व्यक्त की, जिसमें कुरैशी पर उनकी टिप्पणी के लिए उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया गया था। उच्च न्यायालय ने मंत्री के विवादास्पद बयान का स्वतरू संज्ञान लिया और पुलिस को मंत्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने



का आदेश दिया। शाह के वकील ने एफआईआर पर रोक लगाने की मांग करते हुए आज पीठ के समक्ष जल्द सुनवाई की याचिका का उल्लेख किया। शुरुआत में, सीजेआई ने पूछा ष्आप किस तरह का बयान दे रहे हैं? संवैधानिक पद पर बैठे ऐसे व्यक्ति को जिम्मेदार होना चाहिए. देश ऐसी स्थिति से गुजर रहा है...उसे पता होना चाहिए कि वह क्या कह रहा है। सिर्फ इसलिए कि आप एक मंत्री हैं... ,न्यायमूर्ति गवई ने कहा। शाह के वकील ने पीठ को बताया कि उन्होंने अपनी माफी दर्ज कर ली है, और बयान को व्यापक रूप से गलत समझा गया है। मीडिया ने मंत्री के बयान को बढ़ा–चढ़ाकर पेश किया है, वकील ने उच्च न्यायालय के आदेश के बाद उनके खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर पर रोक लगाने की मांग करते हुए कहा। 6 लोगों की मौत हालांकि, शीर्ष अदालत ने एफआईआर पर कोई रोक लगाने से इनकार कर दिया और मामले की सुनवाई शुक्रवार को तय की। पीठ ने कहा, हम कल इस पर सुनवाई करेंगे।

## दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक बढ़ने पर केजरीवाल ने भाजपा से सवाल किया



नई दिल्ली, (एजेंसी)। दिल्ली के कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 300 से ऊपर पहुंच गया, इस पर आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि साल के इस समय में आप के शासनकाल में वायु प्रदूषण कभी इतना खराब नहीं रहा। एक्स पर बात करते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा, साल के इस समय में आप के शासनकाल में वायु प्रदूषण कभी इतना खराब नहीं रहा। अपने पोस्ट में केजरीवाल ने राष्ट्रीय राजधानी में बढ़ते प्रदूषण को उजागर करने वाले एक मीडिया चौनल का वीडियो संलग्न किया। गुरुवार को दोपहर 1 बजे तक, पंजाबी बाग से सीपीसीबी द्वारा 382 का उच्च एक्यूआई दर्ज किया गया। आनंद विहार में 283, अशोक विहार में 331 (बहुत खराब), आरके पुरम में 307 (बहुत खराब) और बवाना में इससे पहले दिन में, आप दिल्ली प्रमुख सौरभ भारद्वाज ने दावा किया कि AQI 500 पर पहुंच गया था, चार इंजन वाली भाजपा सरकार की इस मौसम में दिल्ली में इतना प्रदूषण कभी नहीं रहा। चार इंजन वाली सरकार ने हर क्षेत्र में दिल्ली को बर्बाद कर दिया है। उन्होंने आगे दावा किया कि आधिकारिक डेटा वास्तविक डेटा से बहुत कम दिखाया जा रहा है और यह लोगों के साथ धोखा है। उन्होंने कहा, दिल्ली के लोगों के साथ धोखा किया जा रहा है। मौसम ऐप जबकि सरकार अलग–अलग डेटा दिखा रही है। दिल्ली की नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने भी भाजपा पर आरोप लगाया कि प्रदूषण का स्तर खतरनाक स्तर को छू रहा है। इतना अधिक नहीं रहा। अपने डेटा से पता चलता है कि कभी 243 से अधिक नहीं रहा। क्या भाजपा दिल्ली में बिगड़ते वायु प्रदूषण की जिम्मेदारी लेगी? दिल्ली के पर्यावरण मंत्री इस बीच, दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने गुरुवार को दक्षिण दिल्ली के सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी और मेयर राजा इकबाल सिंह के साथ ओखला लैंडफिल साइट का दौरा किया। देश में लैंडफिल की स्थिति पर बोलते हुए, सिरसा ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता इस पर काम कर रही हैं और उन्होंने आश्वासन दिया कि अक्टूबर 2025 तक 20 लाख मीट्रिक टन पुराना कचरा हटा दिया जाएगा। सिरसा ने एएनआई से कहा, जैसे डायनासोर विलुप्त हो गए, वैसे ही ये लैंडफिल भी देश से गायब हो रहे हैं। यह पीएम मोदी का विजन है, जिस पर सीएम रेखा गुप्ता काम कर रही हैं।

## राहुल गांधी के काफिला को रोकने पर भड़की कांग्रेस

नई दिल्ली, (एजेंसी)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के बिहार दौरे को लेकर गुरुवार को हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। दरअसल, राहुल गांधी को दरभंगा प्रशासन ने अंबेडकर छात्रावास में कार्यक्रम करने की अनुमति नहीं दी। हालांकि, काफिला रोके जाने के बाद कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पैदल ही दलित छात्रों से संवाद के लिए निकल पड़े। इस दौरान पुलिस के साथ धक्कामुक्की भी देखने को मिली। वहीं, राहुल गांधी के दरभंगा में कार्यक्रम रोकने पर कांग्रेस ने बिहार की एनडीए सरकार को निशाने पर लिया। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि बिहार में दरभंगा के अंबेडकर हॉस्टल में शिक्षा न्याय संवाद कार्यक्रम में राहुल गांधी को शामिल होने से



रोकना तानाशाही की पराकाष्ठा है। पेश आई दिल दहलाने वाली घटना कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, अब क्या दलित, वंचित, पिछड़े वर्ग के छात्रों से संवाद करना संविधान के खिलाफ है? क्या उनकी शिक्षा, उनकी भर्ती परीक्षा और नौकरियों के बारे में उनसे बातचीत करना कोई पाप है? जेडीयू–भाजपा सरकार के बिहार में दरभंगा के अंबेडकर हॉस्टल में शिक्षा न्याय संवाद कार्यक्रम में राहुल गांधी को शामिल होने से रोकना तानाशाही की पराकाष्ठा है। लोकतंत्र की जन्मस्थली, बिहार इस अन्याय को याद रखेगी और समय आने पर जेडीयू–भाजपा को इसका उचित जवाब भी देगी। इलाके में हड़कंप कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने एक्स पोस्ट में लिखा, दरभंगा के अंबेडकर हॉस्टल में शिक्षा न्याय संवाद कार्यक्रम के तहत छात्रों से संवाद करने जा रहे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को रोकना अत्यंत शर्मनाक, निंदनीय एवं कायराना कृत्य है। तानाशाही पर उतारू जेडीयू भाजपा गठबंधन की सरकार को यह बताना चाहिए कि क्या बिहार में नेता प्रतिपक्ष का जाना अपराध है या दलितों, पिछड़ों, वंचितों और गरीबों की आवाज उठाना अपराध है? न्याय और क्रांति की धरती बिहार की जनता यह तानाशाही बर्दाश्त नहीं करेगी। इनकार इससे पहले राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा, बिहार में एनडीए की डबल इंजन धोखेबाज सरकार मुझे अंबेडकर हॉस्टल में दलित और पिछड़े छात्रों से बातचीत करने से रोक रही है। संवाद कब से अपराध हो गया? नीतीश जी, आप किस बात से डर रहे हैं? क्या बिहार में शिक्षा और सामाजिक न्याय की स्थिति छुपाना चाहते हैं?

## भाजपा के मंत्री के खिलाफ कार्रवाई का देश को इंतजार : मायावती

लखनऊ, (एजेंसी)। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि पहलगाम घटना के बाद पाकिस्तान में आतंकियों के विरुद्ध सेना के आपरेशन सिंदूर की नायिका मुस्लिम महिला कर्नल को लेकर अभद्र टिप्पणी करने वाले मध्य प्रदेश के मंत्री के खिलाफ हाईकोर्ट की सख्ती के बाद देर रात एफआईआर दर्ज होना उचित है, लेकिन भाजपा की ओर से एक्शन की देश को प्रतीक्षा है। बसपा सुप्रीमो ने बृहस्पतिवार को जारी अपने बयान में कहा कि देश में सांप्रदायिक व जातिवादी द्वेष, नफरत, हिंसा व तनाव फैलाने वालों के खिलाफ कोर्ट से पहले, राज्य सरकारों को बिना भेदभाव कार्रवाई करके अपराध नियंत्रण व कानून–व्यवस्था की संवैधानिक जिम्मेदारी निभाना जरूरी है। इसके अभाव में अपेक्षित विकास बाधित होता रहेगा, जो जन व देशहित में सही नहीं है। बता दें कि इसके पहले मायावती ने बुधवार को दिए गए बयान में कहा था कि पहले विदेश सचिव, फिर सेना की अफसर के प्रति असभ्य टिप्पणी, ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से बने अच्छे माहौल को नष्ट करने वाली है। सरकार मंत्री पर कड़ी कार्रवाई करे।



## भारत ने तुर्किए और अजरबैजान के साथ तोड़ दिए संबंध

नई दिल्ली, (एजेंसी)। कांग्रेस नेताओं पवन खेड़ा और जयराम रमेश ने भाजपा नेता अमित मालवीय पर निशाना साधा और 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद



भारत के साथ बढ़े तनाव के बीच पाकिस्तान का समर्थन करने वाले देशों के साथ अपने कूटनीतिक और व्यापारिक संबंधों के बारे में सत्तारूढ़ पार्टी के स्पष्टीकरण पर सवाल उठाए। कांग्रेस नेताओं की यह प्रतिक्रिया तब आई जब भाजपा नेता अमित मालवीय ने रमेश और खेड़ा दोनों का एक वीडियो पोस्ट किया और पार्टी पर पहलगाम में आतंकी हमले के बाद जनता की भावनाओं से अलग और गलत होने का आरोप लगाया। भाजपा के राष्ट्रीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रभारी मालवीय ने कहा कि कांग्रेस राजनीतिक विस्मृति और पूर्ण अलगाव की हकदार है। एक्स पर एक पोस्ट में, मालवीय ने लिखा, देश तुर्की और अजरबैजान द्वारा आतंकी देश पाकिस्तान को दिए गए समर्थन से क्रोधित है। इन देशों के साथ व्यापार और पर्यटन का बहिष्कार करने की मांग बढ़ रही है, और निजी नागरिक एकजुटता में खड़े हो गए हैं। लेकिन कांग्रेस पार्टी खुद को भारतीय लोगों की व्यापक भावना के साथ भी नहीं जोड़ पा रही है। कोई आश्चर्य नहीं कि यह जनता से इतनी कटी हुई है। यह अपनी राजनीतिक गुमनामी और पूर्ण अलगाव की हकदार है। इस पर पलटवार करते हुए पवन खेड़ा ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए एक्स पर लिखा, चूंकि यह सवाल भाजपा के एक पदाधिकारी द्वारा उठाया जा रहा है, इसलिए पीएमओ इंडिया और एस जयशंकर को तुरंत स्पष्ट करना चाहिए कि क्या भारत सरकार ने तुर्की के साथ सभी राजनयिक और व्यापारिक संबंध तोड़ दिए हैं और भारत में अपना दूतावास भी बंद कर दिया है। किसी भी देश के साथ संबंध रखने या न रखने का फैसला सरकार को लेना है।

## छात्रों से संवाद करना संविधान के खिलाफ है : खड़गे

नई दिल्ली, (एजेंसी)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दरभंगा में अंबेडकर छात्रावास में राहुल गांधी के दौरे में कथित तौर पर बाधा डालने के लिए बिहार की एनडीए सरकार की आलोचना की। खड़गे ने सवाल किया कि क्या दलित और पिछड़े वर्ग के छात्रों की शिक्षा और रोजगार पर चर्चा करना संविधान के खिलाफ है। उन्होंने जेडीयू–भाजपा बिहार सरकार पर संवाद को रोकने का आरोप लगाया। राहुल गांधी को अंबेडकर छात्रावास जाते समय बिहार पुलिस ने रोक लिया, फिर भी वे कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पैदल ही चले गए। खड़गे ने एक्स पोस्ट पर लिखा कि अब क्या दलित, वंचित, पिछड़े वर्ग के छात्रों से संवाद करना संविधान के खिलाफ है? क्या उनकी



शिक्षा, उनकी भर्ती परीक्षा और नौकरियों के बारे में उनसे बातचीत करना कोई पाप है? उन्होंने कहा कि जदयू–भाजपा सरकार ने बिहार में दरभंगा के आंबेडकर हॉस्टल में शिक्षा न्याय संवाद कार्यक्रम में राहुल गांधी को शामिल होने से रोकना तानाशाही की पराकाष्ठा है। लोकतंत्र की जन्मस्थली, बिहार इस अन्याय को याद रखेगी और समय आने पर जदयू– भाजपा को इसका उचित जवाब भी देगी। राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी पार्टी निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण लागू होने तक अपनी लड़ाई जारी रखेगी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने बिहार के दरभंगा में आंबेडकर छात्रावास में कांग्रेस के 'शिक्षा न्याय संवाद' कार्यक्रम के तहत छात्रों से बातचीत की। उन्होंने कहा, " कांग्रेस देश के निजी शिक्षण संस्थानों में भी आरक्षण लागू करने की मांग करती है। हम इस संबंध में सरकार पर दबाव बनाएंगे... हमारी लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक यह हासिल नहीं हो जाता।" गांधी ने आरोप लगाते हुए कहा, यह सरकार दलितों, अति पिछड़े वर्गों, अल्पसंख्यकों और आदिवासियों के खिलाफ है।" उन्होंने यह भी मांग की कि केंद्र राष्ट्रव्यापी जातिगत गणना के लिए तेलंगाना मॉडल का पालन करे। कांग्रेस नेता ने कहा, "केंद्र को यह काम उसी तरह करना चाहिए जिस तरह तेलंगाना सरकार ने किया है।"

# संपादकीय

## चीन के मंसूबे

ऐसे वक्त में जब पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिये पाक को सबक सिखाया है, चीन प्रत्यक्ष व परोक्ष तौर पर पाकिस्तान का समर्थन करता नजर आ रहा है। चीन–पाक की दुरभिसंधि दशकों पुरानी है लेकिन उसकी हालिया करतूतों की टाइमिंग को लेकर सवाल उठ रहे हैं। वह न केवल पाकिस्तान की सैन्य व आर्थिक मदद ही कर रहा है बल्कि चीनी सरकारी मीडिया भी कुप्रचार व भ्रामक समाचार फैलाने में पाक के साथ खड़ा नजर आ रहा है। अब उसने अपनी नई करतूत अरुणाचल प्रदेश के स्थानों का नाम बदलकर उजागर की है। हालांकि, ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। लगातार तीसरे साल चीन ने भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश के स्थानों का नाम बदला है। चीन अरुणाचल को जांगनान के नाम से दर्शाता है। वहीं इसे तिब्बत के दक्षिणी हिस्से के रूप में होने का दावा करता है। जैसा कि उम्मीद भी थी, भारत सरकार ने चीन के इन बेतुके दावों को सिरे से खारिज कर दिया है। नई दिल्ली ने बीजिंग के इस बेतुके–निराधार दावे को सिरे से नकार दिया है। भारत सरकार ने फिर से दोहराया है कि 'अरुणाचल भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था और हमेशा रहेगा।' दरअसल, चिंता की बात यह है कि चीन ने यह करतूत ऐसे समय में की है जब पहलगाम हमले और उसके जवाब में सफल 'ऑपरेशन सिंदूर' के चलते भारत–पाक के बीच तनाव कायम है। निश्चय ही इन स्थितियों में चीन का यह भड़काऊ कदम है। यहां उल्लेखनीय है कि भारतीय उपमहाद्वीप में हाल ही में हुई उथल–पुथल के दौरान पाकिस्तान को उसके सदाबहार दोस्त बीजिंग का भरपूर समर्थन मिला है। जिससे पता चलता है कि अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत से दोस्ती का हाथ बढ़ाने तथा व्यापार–कारोबार बढ़ाने की बात करने वाला चीन भारत के प्रति कैसी दुर्भावना रखता है। भले ही वह वैश्विक संगठनों व मंचों पर भारत के साथ खड़ा होने का दावा करता हो। निस्संदेह, ऐसी घटनाएं हमें सतर्क करती हैं कि चीन के साथ मैत्री संबंधों के निर्धारण के दौरान हमें सजग व सचेत रहना चाहिए। अन्यथा चीन पीठ पर वार करने से नहीं चूकने वाला है। बीते वर्ष विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने व्यंग्यात्मक लहजे में एक सवाल पूछा था, 'अगर आज मैं आपके घर का नाम बदल दूं तो क्या वो मेरा हो जाएगा?' लेकिन निर्विवाद रूप से चीन ने विदेश मंत्री के इस संदेश को नजरअंदाज ही किया है। इतना ही नहीं वह फिर से भौगोलिक क्षेत्रों के नामों के मनमाने मानकीकरण के साथ आगे बढ़ गया है। लेकिन सवाल इस करतूत के समय का है। जाहिर बात है कि बीजिंग ने ऐसा न केवल चुनौतीपूर्ण समय में भारत का ध्यान भटकाने के लिये किया है, बल्कि पाकिस्तान के साथ एकजुटता दिखाने के लिये भी किया है। उस पाकिस्तान को, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कड़ी चेतावनी दी थी। प्रधानमंत्री ने सिर्फ और सिर्फ पाकिस्तान द्वारा कब्जाए कश्मीर पर ही बातचीत करने की बात कही थी। ऐसे में चीन ने अरुणाचल पर अपने क्षेत्रीय दावे से फिर से पाकिस्तान का मनोबल बढ़ाने का कुत्सित प्रयास किया। यह जानते हुए भी उसके दावे निराधार हैं। वहीं दूसरी ओर मोदी सरकार ने चीन के सरकारी मीडिया, खासकर ग्लोबल टाइम्स द्वारा कथित तौर पर फैलाए जा रहे ।

# भारत की अनमोल धरोहर की नीलामी

शिवकान्त

हांगकांग में होने वाली भगवान बुद्ध के अनमोल श्रद्धा रत्नों की नीलामी ने एक बार फिर इस बात पर बहस छेड़ दी है कि क्या विश्व की अनमोल सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर को नीलाम होने देना सही है? गत सप्ताह जिन 371 रत्नों और स्वर्ण एवं रजत पत्रकों की नीलामी होने वाली थी वे आज से लगभग सवा सौ साल पहले 1898 में उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थ नगर जिले के पिपरहवा गांव में एक बौद्ध स्तूप की खुदाई में मिले थे। पिपरहवा नेपाल की सीमा पर स्थित है और माना जाता है कि शाक्य गणराज्य की राजधानी कपिलवस्तु यहीं पर थी। खुदाई इस इलाके के ब्रितानी जमींदार विलियम क्रैक्सटन पेपे ने कराई थी जो पेशे से इंजीनियर थे। खुदाई में 130 फुट व्यास वाले ईंटों से बने स्तूप के भीतर पत्थर का एक संदूक मिला था जिसमें पांच पाषाण कलश थे। इनमें भगवान बुद्ध की अस्थियों और भस्म के साथ 1800 से अधिक मोती, माणिक, पुखराज और नीलम जैसे रत्न और सोने व चांदी के पत्रक रखे थे जिन पर बौद्ध आकृतियां बनी हुई थीं। इनमें से एक कलश पर ब्राह्मी लिपि में प्राचीन पाली में लिखा था कि 'इस स्मारक स्तूप में भगवान बुद्ध की वे अस्थियां विराजमान हैं जो उनके शाक्यवंशी स्वजनों को मिली थीं। कुशीनगर में भगवान बुद्ध के परिनिर्वाण के बाद उनकी अस्थियां शाक्यवंशियों ने चारों दिशाओं से आए आठ गणराज्यों के प्रतिनिधियों में बांट दी थीं ताकि वे अपने–अपने यहां स्तूप बनाकर उनकी स्थापना कर सकें और अधिक से अधिक लोग उनका दर्शन करने जा सकें। इस प्रकार अस्थियां आठ गणराज्यों के स्तूपों में रखी गई थीं। माना जाता है कि पिपरहवा का स्तूप उन्हीं में से एक है जिसे एक ब्राह्मण ने महात्मा बुद्ध के शाक्यवंशियों के लिए बनवाया था। इसलिए इसे पुरातत्व की सबसे बड़ी खोजों में गिना गया। स्तूपों में बुद्ध की अस्थियों के साथ बहुमूल्य रत्न, सोने और चांदी के पत्रकों और मुद्राओं को रखने की परंपरा भी थी जिसके लिए लोग दिल खोलकर दान देते थे। विलियम पेपे ने अपने रिकॉर्ड में लिखा है कि खोज के पुरातात्विक और धार्मिक महत्व को समझते ही उन्होंने यह धरोहर ब्रितानी सरकार के हवाले कर दी थी। सरकार ने रत्नों और अस्थियों को अलग करते हुए रत्नों का छठा हिस्सा पेपे को दे दिया। बाकी बचे रत्नों और अस्थियों में से कुछ हिस्सा बौद्ध देश थाइलैंड के राजा चूडालंकरण द्वारा भेजे गए भिक्षुदूत को दिया और बाकी कोलकाता और कोलंबो के संग्रहालयों में भेज दिया था। हांगकांग में जिन रत्नों और सोने–चांदी के पत्रकों की नीलामी की कोशिश हो रही है वे वही हैं जो ब्रितानी सरकार ने विलियम पेपे को दिए थे। नीलामी करने वाली कंपनी सोदबीज ब्रितानी मूल की बहुराष्ट्रीय कंपनी है जो सांस्कृतिक महत्व की धरोहरों की नीलामी करने के कारण अक्सर विवादों में रहती है। छह साल पहले न्यूजीलैंड के माओरी आदिवासियों की काष्ठ कलाकृति की लगभग छह करोड़ रुपये में हुई नीलामी को लेकर विवाद हुआ था और सरकार से कलाकृति वापस लाने की मांगें की गई थीं। भगवान बुद्ध के श्रद्धा रत्नों की नीलामी तो और भी विवादास्पद है। रत्नों की नीलामी विलयम पेपे के परपोते क्रिस पेपे कराना चाहते हैं जो फिल्म निर्माता हैं और हॉलीवुड में काम करते हैं। उनका कहना है कि ये रत्न भगवान बुद्ध की अस्थियों या अवशेषों का हिस्सा नहीं हैं। इन्हें लोगों ने श्रद्धा स्वरूप अस्थियों के साथ रखा था। इनका कोई धार्मिक या सांस्कृतिक महत्व नहीं है। उन्होंने कई बौद्ध भिक्षुओं, मठों और विद्वानों से पूछने के बाद ही इन्हें नीलाम करने का फैसला किया है ताकि ये किसी ऐसे व्यक्ति या संस्था के पास चले जाएं जो इनकी सही देखभाल और सार्वजनिक प्रदर्शनी कर सके। उनका कहना है कि उनके परदादा को वही रत्न और पत्रक दिए गए थे जो संग्रह में एक से अधिक संख्या में मौजूद थे। इसलिए जिन्हें नीलाम किया जा रहा है उनके जैसे दूसरे रत्न और पत्रक कोलकाता, बैंकाक और कोलंबो के संग्रहालयों में मौजूद हैं। उनका यह भी कहना है कि उन्होंने इन्हें दान करने के लिए कई बौद्ध मठों और बौद्ध देशों के संग्रहालयों से संपर्क किया था पर कहीं से संतोषजनक उत्तर नहीं मिला। लेकिन दुनियाभर के बहुत से बौद्ध मतावलंबी क्रिस पेपे के स्पष्टीकरण से संतुष्ट नहीं हैं। न ही वे नीलामी करने वाली कंपनी सोदबीज के इस दावे से संतुष्ट हैं कि उन्होंने इस नीलामी के सारे नैतिक और कानूनी पक्षों को नाप–तोल कर ही नीलामी करने का फैसला किया था। लंदन के प्राच्यविद्या एवं अफ्रीकी अध्ययन संस्थान (सोआस) में दक्षिण एशियाई कला के विशेषज्ञ प्रो. एशली टॉम्सन और संग्रहपाल कोनान चोंग का कहना है कि बौद्ध धर्मावलंबियों के अनुसार भगवान बुद्ध के अस्थिकलशों में अस्थियों और भस्म के साथ डाले गए श्रद्धा रत्नों को अलग कैसे माना जा सकता है? वे अस्थियों के स्पर्श मात्र से उनका अभिन्न भाग बन चुके हैं। उनका वही महत्व और स्थान होगा जो उनकी अस्थियों का है। ब्रितानी महाबोधि समिति के विद्वान अमल अभयवर्धने का कहना है कि भगवान बुद्ध का उपदेश है कि दूसरों की संपत्ति उनकी अनुमति के बिना नहीं लेनी चाहिए। शाक्यवंशियों को यह धरोहर इसलिए सौंपी गई थी कि वे स्मारक बनाकर उन्हें श्रद्धालुओं के दर्शन और पूजा के लिए सुलभ बना सकें। उन्होंने स्तूप बनाकर वही किया। औपनिवेशिक शासकों का पिपरहवा की खुदाई से मिली शाक्यवंशियों की सांस्कृतिक धरोहर पर मालिकाना हक कैसे हो गया? विवाद से चिंतित होकर भारत सरकार को कानूनी कार्रवाई की धमकी देनी पड़ी है जिसके बाद सोदबीज ने नीलामी को स्थगित कर दिया है ताकि सभी पक्षों के बीच बातचीत से कोई समाधान निकाला जा सके।




पिपरहवा की खुदाई से मिले रत्न ईसा से कम से कम दो से ढाई सौ साल पुराने होने के कारण भारत से मिली प्राचीनतम सांस्कृतिक धरोहरों में गिने जाते हैं। भगवान बुद्ध के अस्थि कलशों में रखे होने के कारण उनका धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व उन्हें अनमोल बनाता है। बुद्ध, रामायण और गांधी भारत के सबसे बड़े वैचारिक और सांस्कृतिक निर्यात हैं। इनके विश्वव्यापी प्रभाव के सामने तूतनखामून के स्मारक से मिले पुरावशेष, एथेंस के मंदिर से मिली संगमरमर की शिल्पकृतियां और नाइजीरिया के बेनिन शहर से मिली कांस्य प्रतिमाएं कहीं नहीं ठहरतीं जिनके प्रत्यर्पण को लेकर दशकों से विवाद चल रहा है। सोदबीज को उम्मीद है कि बुद्ध के श्रद्धा रत्नों की बोली 100 करोड़ रुपये तक जा सकती है।

# लाहौर केस की स्वतंत्रता आंदोलन में निर्णायक भूमिका

प्रो. बृज भूषण

लाहौर षड्यंत्र केस, 'क्राउन बनाम सुखदेव एवं अन्य', भारत के स्वतंत्रता संग्राम का एक ऐतिहासिक मुकदमा था। इसमें लुधियाना के नौघरा मोहल्ले में 15 मई, 1907 को जन्मे सुखदेव थापर, भगत सिंह, राजगुरु सहित 22 युवाओं को ब्रिटिश शासन के विरुद्ध क्रांतिकारी गतिविधियों का आरोपी बनाया गया। वर्ष 1920 के दशक में शुरू हुई इन घटनाओं ने ब्रिटिश साम्राज्य की नींव हिला दी। अंततः इस क्रांतिकारी त्रिमूर्ति को 23 मार्च, 1931 को फांसी दे दी गई। यह केस आजादी आंदोलन का निर्णायक मोड़ सिद्ध हुआ। शहीद सुखदेव का जीवन बचपन से ही संघर्षों से भरा रहा। उनके पिता राम लाल थापर का देहांत हो गया जब वे केवल 3 वर्ष के थे। उनका पालन–पोषण उनके ताया अचिंतराम थापर ने लायलपुर (अब पाकिस्तान) में किया, जो स्वतंत्रता संग्राम के समर्थक थे। उनकी गिरफ्तारी ने बालक सुखदेव के मन में ब्रिटिश शासन के प्रति रोष पैदा किया। सुखदेव और भगत सिंह के परिवारों में घनिष्ठ संबंध थे। दोनों ने स्कूली शिक्षा के बाद लाहौर के नेशनल कॉलेज में प्रवेश लिया, जहां उन्हें समाजसेवा और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा मिली और उन्होंने क्रांतिकारी राह चुनी। कॉलेज में पढ़ाई के दौरान सुखदेव और भगत सिंह को बौद्धिक स्वतंत्रता, विचार अभिव्यक्ति और क्रांतिकारियों की गतिविधियों पर चर्चा का अवसर मिला। वे गंभीर अध्ययन करते थे। लाहौर शिक्षा और क्रांतिकारी गतिविधियों का केंद्र था। मार्च 1926 में भगत सिंह और सुखदेव ने 'नौजवान भारत सभा' की स्थापना की। इसके जरिये पंजाब के युवाओं को स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने को प्रेरित किया। लाहौर के क्रांतिकारी युवाओं ने उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान और पंजाब के साथियों से मिलकर 8–9 सितंबर 1928 को दिल्ली में हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन के गठन की घोषणा की। चंद्रशेखर आजाद को संगठन कमांडर नियुक्त किया गया, जबकि संगठनात्मक क्षमता देखते हुए सुखदेव को पंजाब प्रभारी बनाया। संगठन का उद्देश्य ब्रिटिश शासन के विरुद्ध सशस्त्र विद्रोह था। सहारनपुर, आगरा व लाहौर में बम निर्माण कार्य शुरू किया। लाहौर में 30 अक्तूबर, 1928 को सुखदेव के नेतृत्व में नौजवान भारत सभा और अन्य राजनीतिक संगठनों ने लाला लाजपत राय के साथ मिलकर साइमन कमीशन के विरोध में प्रदर्शन किया। पुलिस अधीक्षक जेम्स ए. स्कॉट के आदेश पर निर्दय लाठीचार्ज हुआ, जिसमें लाला जी गंभीर घायल हो गए। उन्होंने घायल अवस्था में सभा में कहा, 'मेरी छाती पर लगी एक–एक चोट अंग्रेजी शासन के कफन में कील साबित होगी।' लाला जी की कुछ दिनों बाद मृत्यु हो गई। इस क्रूरता से व्यथित होकर सुखदेव सहित एच.एस.आर.ए. के क्रांतिकारियों ने स्कॉट से बदला लेने का निर्णय लिया। सुखदेव और उनके साथियों ने जेम्स ए. स्कॉट की गतिविधियों पर नजर रखनी शुरू की। सुखदेव द्वारा बनाई गई योजना के तहत भगत सिंह, राजगुरु, चंद्रशेखर आजाद और जयगोपाल को स्कॉट की हत्या का कार्य सौंपा। 17 दिसंबर 1928 को कार्रवाई की गई, लेकिन गलती से स्कॉट की जगह ए.एस.पी. जे.पी. सांडर्स को गोली मार दी। सभी क्रांतिकारी पहचान बदलकर कलकत्ता रवाना हो गए। कलकत्ता में सुखदेव ने बम निर्माण तकनीक सीखी और पुनः दिल्ली में गतिविधियां बढ़ाने लगे। 1929 में ब्रिटिश सरकार ने दिल्ली विधानसभा में पब्लिक सेफ्टी बिल समेत दो बिल प्रस्तुत किए, जिनका उद्देश्य क्रांतिकारी गतिविधियों को दबाना था जिनके विरोध में एच.एस.आर.ए. ने 8 अप्रैल 1929 को विधानसभा में बम फोड़ने की योजना बनाई।

## .......... विविध ..........

# कैमिकल फ्री फल खाना तो ये खाएं, शुगर वालों की देसी दवाई

अनहैल्दी लाइफस्टाइल के चलते जहां लोग कम उम्र में ही खतरनाक बीमारियों का शिकार हो रहे हैं वहीं खाने को लेकर लोग समझ ही नहीं पा रहे कौन सा खाना हैल्दी और कौन सा कैमिकल्स से भरा नकली...फलों को सबसे हैल्दी माना जाता है लेकिन अब तो फलों में भी कई तरह के पेस्टिसाइट पाए जाते हैं। इन फलों को जल्दी तैयार करने के लिए इंजैक्शन लगाए जाते हैं जो सेहत के लिए बेहद नुकसानदायक माने जाते हैं।एक ऐसा जहर होता है जो खेती में कीड़ों को मारने के लिए डाला जाता है लेकिन अगर ये फल या सब्जी पर रह जाए, तो इंसानों के लिए भी हानिकारक हो सकता है। अब खाए तो क्या खाएं ? क्या ऐसा कोई फल है जो बिना किसी कैमिकल्स के हो तो जवाब है हां, हालांकि लोग अक्सर इस फल को मामूली सा समझकर इग्नोर कर देते हैं लेकिन कैमिकल फ्री और गुणों से भरपूर अगर इस फल को खा लिया जाए तो इसके फायदे ही फायदे हैं। इस फल का नाम है अमरूद, और अमरूद के अलावा केला एक ऐसा फल है जिसे बिना की कैमिकल के ही तैयार किया जाता है। अमरूद और केला दोनों ही ऐसे फल है कि अगर इसे इंजेक्शन और कीटनाशक डालने की कोशिश की जाए तो यह गल जाएंगे। अगर आप यह फल नहीं खा रहे तो अब खाना शुरू कर दें। इन दोनों फलों में गजब के गुण होते हैं। अमरूद तो डायबिटीक लोगों के लिए वरदान है। अमरूद और केले के अलावा नारियल भी कैमिकल फ्री होता है।



नारियल

नारियल का मोटा छिलका उसे बाहरी रसायनों से काफी हद तक सुरक्षित रखता है। साथ ही इसमें कीटनाशक छिड़काव की आवश्यकता भी बहुत कम होती है।

सीताफल/शरीफा

यह मौसमी फल होता है और कीटनाशक कम ही डाले जाते हैं। इसके गूदे तक कैमिकल पहुंचना मुश्किल होता है।

संतरा और मौसमी

इनका छिलका मोटा होता है जिससे अगर थोड़ा बहुत छिड़काव भी हुआ हो तो भी अंदरूनी हिस्सा काफी हद तक सुरक्षित रहता है।

अनार

अनार का छिलका भी काफी मोटा है जिस पर अगर छिड़काव हो भी तो उसका अंदरूनी हिस्सा कैमिकल फ्री रहता है।

कैसे पहचानें कैमिकल–मुक्त फल?

लोकल बाजार या किसान बाजार से खरीदें।

छिलका बहुत चमकीला हो तो सावधान रहें – यह वैक्स या केमिकल का संकेत हो सकता है।

ऑर्गेनिक सर्टिफाइड फल खरीदना बेहतर होता है।

घर लाकर फलों को सिरके या बेकिंग सोडा वाले पानी से धोएं।

अमरूद खाने के जबरदस्त फायदे

1. इम्यूनिटी बढ़ाता

अमरूद में संतरे से भी ज्यादा विटामिन C होता है, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाता है और वायरल संक्रमण से बचाता है।

2. पाचन तंत्र दुरुस्त करता

इसमें भरपूर फाइबर होता है जो कब्ज को दूर करता है और पेट को साफ रखता है। अमरूद खाना गैस, अपच और पेट फूलने की समस्या में भी फायदेमंद होता है।

3. दिल को रखे स्वस्थ

अमरूद में पोटैशियम और फाइबर की भरपूर मात्रा होती है, जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करता है और हृदय रोगों के खतरे को कम करता है।

4. ब्लड शुगर कंट्रोल करता

अमरूद डायबिटीज के मरीजों के लिए फायदेमंद होता है क्योंकि ये ब्लड शुगर को तेजी से बढ़ने नहीं देता।

5. स्किन और बालों के लिए फायदेमंद

इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन्स त्वचा को ग्लोइंग बनाते हैं और बालों की सेहत को भी बेहतर बनाते हैं।

6. वजन घटाने में मददगार

अमरूद में कैलोरी कम होती है और फाइबर ज्यादा, जिससे पेट भरा रहता है और वजन कम करने में मदद मिलती है।

7. आंखों की रोशनी बढ़ाता

इसमें विटामिन । पाया जाता है जो नेत्र स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है।

8. सर्दी–खांसी में राहत

अमरूद के पत्ते या उसका काढ़ा पीने से गले की खराश और खांसी में राहत मिलती है।

लेकिन ध्यान रखें खाली पेट अमरूद न खाएं, इससे गैस हो सकती है क्योंकि बहुत ज्यादा पका हुआ अमरूद या बहुत सख्त अमरूद खाने से कब्ज हो सकती है और पेट में दर्द भी।

केले के जबरदस्त फायदे

1. तुरंत ऊर्जा देता

केला एक इंस्टैंट एनर्जी बूस्टर है। इसमें नेचुरल शुगर (ग्लूकोज, फ्रक्टोज, सुक्रोज) होती है जो शरीर को तुरंत ताकत देती है। इसलिए खिलाड़ी और जिम करने वाले लोग इसे अक्सर खाते हैं।

2. दिल को रखे स्वस्थ

इसमें भरपूर पोटैशियम होता है जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करता है और दिल की सेहत को बनाए रखता है।

3. पाचन में सुधार करता

केला में घुलनशील फाइबर होता है जो पाचन क्रिया को दुरुस्त करता है और कब्ज की समस्या को दूर करता है।

4. तनाव और मूड के लिए फायदेमंद

इसमें मौजूद ट्रिप्टोफैन नामक अमीनो एसिड शरीर में सेरोटोनिन (खुशी वाला हार्मोन) बढ़ाने में मदद करता है जिससे मूड अच्छा रहता है और तनाव कम होता है।

5. पेट की समस्या में आराम देता

केला एसिडिटी और गैस की समस्या में राहत देता है। यह पेट की परत को कोट करता है और जलन से बचाता है।

6. बच्चों और बुजुर्गों के लिए बेस्ट फल

मुलायम और सुपाच्य होने के कारण केला छोटे बच्चों और बुजुर्गों के लिए परफेक्ट फल है।

7. वजन बढ़ाने और घटाने–दोनों में मददगार

वजन बढ़ाना है तो दूध के साथ केला खाएं। वजन घटाना है तो सुबह नाश्ते में एक केला लें, जिससे देर तक भूख नहीं लगती।

8.हड्डियों को बनाता है मजबूत

केले में मौजूद मैग्नीशियम और पोटैशियम हड्डियों को मजबूत करते हैं और मांसपेशियों के दर्द में भी राहत देते हैं।

# यूरीक एसिड के मरीज ध्यान दें, इन फूड्स से गल सकती हैं आपकी हड्डियां

आज की बदलती जीवनशैली और अनियमित खानपान के चलते कई लोग यूरीक एसिड की समस्या से जूझ रहे हैं। यह एक ऐसी स्थिति है, जिसमें शरीर में प्यूरीन नामक तत्व के टूटने से यूरीक एसिड की मात्रा बढ़ जाती है। जब इसका स्तर सामान्य से अधिक हो जाता है, तो यह न सिर्फ जोड़ों में दर्द और सूजन का कारण बनता है, बल्कि हड्डियों की सेहत को भी गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है। खास बात यह है कि कुछ आम तौर पर खाए जाने वाले खाद्य पदार्थ यूरीक एसिड के स्तर को तेजी से बढ़ा सकते हैं, जिससे हड्डियां धीरे–धीरे कमजोर होकर गलने जैसी स्थिति में आ सकती हैं। इस लेख में हम जानेंगे कि यूरीक एसिड के मरीजों को किन–किन फूड्स से बचना चाहिए ताकि उनकी हड्डियों को नुकसान न पहुंचे।

लाल मांस

लाल मांस जैसे बीफ, मटन और पोर्क यूरीक एसिड के स्तर को बढ़ा सकते हैं। यह मांस उच्च मात्रा में प्यूरीन (चनतपदम) से भरपूर होता है, जो शरीर में यूरीक एसिड का स्तर बढ़ाने का कारण बनते हैं। प्यूरीन से भरपूर खाद्य पदार्थों का अधिक सेवन यूरीक एसिड के क्रिस्टल बनने की प्रक्रिया को तेज कर सकता है। इससे न केवल गठिया बल्कि हड्डियों के स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। यूरीक एसिड के मरीजों को लाल मांस का सेवन सीमित या टालने की सलाह दी जाती है।

शराब

शराब का अत्यधिक सेवन यूरीक एसिड के स्तर को बढ़ा सकता है। खासकर बीयर और वाइन में प्यूरीन की मात्रा अधिक होती है, जो यूरीक एसिड के निर्माण को बढ़ाते हैं। शराब पीने से शरीर में डिहाइड्रेशन भी हो सकता है, जिससे यूरीक एसिड की अधिक मात्रा किडनी से बाहर निकलने में असमर्थ हो जाती है और यह जोड़ों और हड्डियों पर असर डाल सकता है। यूरीक एसिड के मरीजों को शराब का सेवन कम करने या पूरी तरह से त्यागने की सलाह दी जाती है।

तले हुए और प्रोसेस्ड फूड्स

तले हुए और प्रोसेस्ड फूड्स, जैसे कि चिप्स, बर्गर, पिज्जा, और फास्ट फूड्स यूरीक एसिड के स्तर को बढ़ा सकते हैं। इन खाद्य पदार्थों में अधिक फैट, शर्करा और नमक होता है, जो शरीर में सूजन पैदा करने के कारण यूरीक एसिड के प्रभाव को और बढ़ा सकते हैं। यह हड्डियों के लिए भी खतरनाक हो सकता है, क्योंकि यह कैल्शियम के अवशोषण को प्रभावित करता है और हड्डियों को कमजोर कर सकता है।

शुगरऔर शुगर–स्वीटनर्स

विभिन्न प्रकार के शर्करा और शुगर–स्वीटनर्स, जैसे कि सोडा, स्वीट ड्रिंक्स, और प्रोसेस्ड जूस यूरीक एसिड के स्तर को बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। उच्च शर्करा वाले खाद्य पदार्थ शरीर में इंफ्लेमेशन (सूजन) पैदा करते हैं, जो यूरीक एसिड के स्तर को बढ़ाता है और हड्डियों को प्रभावित कर सकता है। शर्करा और शुगर–स्वीटनर्स का अत्यधिक सेवन हड्डियों में कैल्शियम की कमी का कारण बन सकता है, जिससे हड्डियां कमजोर हो जाती हैं और उनका टूटने का खतरा बढ़ जाता है।

उच्च प्रोटीन वाले खाद्य पदार्थ

यूरीक एसिड के मरीजों को उच्च प्रोटीन वाले खाद्य पदार्थों से बचना चाहिए, खासकर जब वह प्यूरीन से भरपूर होते हैं। जैसे कि सोया उत्पाद, अंडे, और कुछ प्रकार की बीन्स में अधिक प्यूरीन होते हैं। इनका अत्यधिक सेवन यूरीक एसिड के स्तर को बढ़ा सकता है, जो गठिया और हड्डियों के स्वास्थ्य पर असर डाल सकता है। यूरीक एसिड के मरीजों को प्रोटीन के सही स्रोत का चयन करना चाहिए और इसे उचित मात्रा में सेवन करना चाहिए।



डिब्बाबंद खाद्य पदार्थ

डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों में अक्सर सोडियम की मात्रा अधिक होती है, जो शरीर में ूजमत तमजमदजपवद और सूजन का कारण बन सकते हैं। सूजन यूरीक एसिड के स्तर को बढ़ा सकती है और हड्डियों पर दबाव डाल सकती है। इसके अलावा, डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों में अक्सर कृत्रिम रंग और स्वाद होते हैं, जो स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं।

यूरीक एसिड के मरीजों के लिए यह आवश्यक है कि वे अपनी डाइट में ध्यान रखें और उन खाद्य पदार्थों से बचें जो उनके स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकते हैं। लाल मांस, शराब, तले हुए खाद्य पदार्थ, शर्करा और अधिक प्रोटीन वाले खाद्य पदार्थों से परहेज करना चाहिए।

# बलरामपुर में अर्टिगा और ट्रक की टक्कर में पांच लोगों की मौके पर मौत

लखनऊ, (संवाददाता)। यूपी के बलरामपुर कोतवाली देहात क्षेत्र अंतर्गत चकवा चौकी के पास एनएच–730 पर बुधवार की देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया।



श्रावस्ती से लौट रही एक अर्टिगा कार को तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे कार में सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आठ लोग गंभीर रूप से घायल हैं। मृतकों में गोंडा के धानेपुर क्षेत्र के बेलवार मोहल्ला निवासी फूलबाबू (35), शिव कुमार (22), आदित्य (07), गोंडा के इटियाथोक मध्य नगर निवासी विजय कुमार (35) तथा प्रयागराज के हडिया निवासी जितेंद्र (40) की मौत हो गई है। करीब आठ अन्य घायल हैं। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां कुछ की हालत नाजुक बनी हुई है। घायलों में ध ाानेपुर क्षेत्र के राघवराम, सीताराम, महक, विकास कुमार, किशोर कुमार, विनोद कुमार, गोपाल तथा वाहन चालक प्रयागराज के हडिया निवासी अजय कुमार घायल हैं। गोंडा के मध्य नगर से श्रावस्ती जिले के इकौना थाना क्षेत्र में एक बारात गई थी। वहां से सभी वापस लौट रहे थे। रात करीब डेढ़ बजे जब उनकी कार चकवा चौकी क्षेत्र में हाईवे पर पहुंची, तभी पीछे से आ रही ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और मौके पर ही चीख–पुकार मच गई। हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने तत्काल राहत कार्य शुरू करते हुए शवों और घायलों को कार से बाहर निकाला। सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेजा गया।पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है, जबकि चालक फरार हो गया है। हादसे के बाद क्षेत्र में मातम पसरा है और मृतकों के परिजन बदहवासी की हालत में हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी गई है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि हादसे की पूरी जानकारी सामने आ सके। मृतकों की पहचान की प्रक्रिया जारी है।

# बिहार से दिल्ली जा रही स्लीपर बस में लगी आग, जिंदा जले पांच यात्री

लखनऊ, (संवाददाता)। बिहार के बेगूसराय से दिल्ली की तरफ जा रही एक प्राइवेट स्लीपर बस (बस संख्याः न्च17 ।ज 6372) में लखनऊ के किसान पथ पर लखनऊ–रायबरेली रोड, मोहनलालगंज के ऊपर शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगने के बाद भी यह बस करीब एक किलोमीटर तक दौड़ती रही। ड्राइवर और कंडक्टर तुरंत मौके से भाग निकले। बस में बैठे यात्रियों को पुलिस और आम लोगों की मदद से कांच को तोड़कर बाहर निकाला गया। दमकल की गाड़ियों ने करीब आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया। जब दमकलकर्मी बस के अंदर गए तो वहां पांच लोगों के शव मिले। आग की लपटों से झुलसे यात्रियों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। मरने वालों में से एक छोड़कर बाकी चार की पहचान हो गई है। अभी तक आ रही खबरों के अनुसार बस में करीब अस्सी यात्री थे। मरने वालों में दो बच्चे, दो महिलाएं और एक पुरुष शामिल है। हादसे का समय सुबह पांच बजे के



करीब का बताया जा रहा है। उस वक्त सभी लोग बस में सो रहे थे। एक पुरुष को छोड़कर बाकी यात्रियों की पहचान हो गई है। प्राप्त सूचनाओं के अनुसार आग लगने के बाद बस कुछ देर तक जलती हुई हालत में दौड़ती रही। ड्राइवर और कंडक्टर कांच तोड़कर निकल भागे। मुख्य गेट आग लगने की वजह से जाम हो गया। जो लोग दूसरे रास्तों से निकल पाए वो बच गए। सूचना के अनुसार हादसा पीजीआई कल्ली के पास से गुजर रहे किसान पथ पर हुआ। स्थानीय लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। बस से निकले लोगों ने बताया कि बस रोकने के बाद ड्राइवर और कंडक्टर, ड्राइवर की पास की खिड़की से कूदकर भाग गए। प्राप्त सूचना के अनुसार मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड ने आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया। पुलिस की जांच में सामने आया कि बस का इमरजेंसी गेट नहीं खुला इस वजह से पीछे बैठे लोग बस में फंस गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग इतनी भीषण थी कि 1 किमी दूर तक आग की लपटें दिखाई दे रही थीं। बस कुछ दूर तक जलने के बाद भी दौड़ती रही।

## संक्षिप्त समाचार

### जिलाधिकारी ने पीएनबी बैंक का किया औचक निरीक्षण

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र के द्वारा पंजाब नेशनल बैंक मुख्य शाखा, शाही पुल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के संदर्भ में पीएनबी की सभी 18 शाखाओं से कुल 56 आवेदन डिस्बर्समेंट हेतु लम्बित पाया गया, जिसपर शाखा प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि 03 दिन के भीतर सारी पेन्डेसी खत्म करते हुए अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि यह योजना शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में से एक है। योजना का उददेश्य जनपद के युवाओं को रोजगार सृजक बनाने के साथ ही स्वावलम्बन की दिशा में तेजी से आगे बढाना है। इसके साथ ही उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में ऋण वितरित करने के निर्देश दिये जिससे जनपद का सीडी रेशियो में वृद्वि हो सके। इस दौरान जिलाधि ाकारी के द्वारा बैंक में उपस्थित ग्राहको सें संवाद करते हुए अवगत कराया है कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के सम्बन्ध में जागरूक करते हुए कहा गया कि सभी लोग अनिवार्य रूप से इस योजना का लाभ लें। इस अवसर पर एलडीएम सहित बैंक के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

### विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। जनपद न्यायधीश अनिल कुमार वर्मा के निर्देशन में शिक्षा का अधिकार महिला सशक्तिकरण, लिंग समानता, पी.सी.पी.एन.डी.टी. एक्ट 1994 पोश एक्ट महिलाओं और बालिकाओं के केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं पर जायसवाल कटरा गुलजारगंज सिकरारा जौनपुर में आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे अपर सत्र एवं जिला न्यायाधीश सचिव प्रशांत कुमार सिंह ने कहा कि विधि ाक साक्षरता और जागरूकता समाज के लिए बहुत ही आवश्यक है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए आवश्यक है उन्होंने नालसा आवाज उठाओ पर चर्चा किया और नारी की उड़ान, बंदिशें से आजादी की विस्तार से चर्चा करते हुए उन्होंने लिंग समानता महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों पर विस्तार से चर्चा किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए डॉ0 दिलीप कुमार सिंह डिप्टी चीफ डिफेंस काउंसिल जनपद न्यायालय जौनपुर ने विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम और इसके शुरुआत के बारे में विस्तार से बताया कि किस तरह जस्टिस वी कृष्णा अय्यर और पीएन भगवती के द्वारा वैकल्पिक न्याय प्रणाली सुलह समझौता के द्वारा मुकदमों का निस्तारण प्रारंभ किया गया। उन्होंने सुलह समझौता के द्वारा मुकदमे के निस्तारण को सर्वश्रेष्ठ बताया कि जिसमें सरल–सुलभ सस्ता त्वरित न्याय मिलता है और दो पीढ़ियों की शत्रुता हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है। उन्होंने डिफेंस काउंसिल सिस्टम के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि इसमें पात्र व्यक्तियों को योग्य अधिवक्ता निःशुल्क प्रदान किए जाते हैं। पैनल लायर और काउंसलर देवेंद्र कुमार यादव ने प्राधिकरण के द्वारा सुविधाओं का विस्तार में उल्लेख किया ।

# 44 डिग्री के ऊपर जा सकता है प्रदेश के इन जिलों का तापमान



लखनऊ, (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश में अगले चार दिन भीषण गर्मी का प्रकोप रहने वाला है। मौसम विभाग ने 15 से 18 मई के बीच प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी दोनों संभागों में लू चलने की चेतावनी जारी किया है। विशेष तौर पर 16 मई यानी शुक्रवार को उत्तर प्रदेश में हीटवेव की तीव्रता और उसका क्षेत्रफल–विस्तार ज्यादा रहने वाला है। पूर्वानुमान है कि इस दिन कई जिलों में अधिकतम तापमान 44 डिग्री तक जा सकता है। बुधवार को प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में भीषण गर्मी का असर रहा। वाराणसी, सुल्तानपुर, झांसी, प्रयागराज, गोरखपुर, अमेठी, लखनऊ, बहराइच समेत लगभग 15 जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे ज्यादा रिकॉर्ड किया गया। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि बीते मंगलवार को प्रदेश के बांदा जिला 44. 2 डिग्री के साथ पूरे देश में सर्वाधिक गर्म रहा। 17 मई से तराई इलाकों में संभावित हल्की बूंदाबांदी से यहां लू की परिस्थितियां कमजोर पड़ सकती हैं। बांदा, चित्रकूट, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीर नगर, बहराइच, अंबेडकरनगर व आसपास के इलाकों में।

# डूबते भाई को बचाने के लिए तालाब में कूदी बहन, दोनों की मौत

लखनऊ, (संवाददाता)। सुल्तानपुर के मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के बबरही गांव में बृहस्पतिवार को दर्दनाक हादसा हुआ। यहां दो सगे भाई–बहन की तालाब में डूबने से मौत हो गई। एक ही परिवार में दो बच्चों की मौत से कोहराम मचा गया है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर विधि ाक कार्रवाई शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार, बबरही गांव निवासी रामहित यादव कोलकाता में गाड़ी चालक हैं। उनके घर से 50 मीटर दूर पर एक तालाब है। बताया जा रहा है कि तालाब को गांव के ही रामबहादुर यादव ने मछली पालन के लिए ले रखा है। बृहस्पतिवार को तालाब में रामहित की भैंस डूबने लगी और भैंस को बचाने के चक्कर में उनका 12 वर्षीय पुत्र आदर्श यादव तालाब में कूद गया लेकिन तैराकी न आने के कारण वो डूबने लगा। दूर से भाई को डूबता देख बहन विनीता यादव (15) भी उसे बचाने के लिए तालाब में कूद गई। दोनों को डूबता देख गांव के एक व्यक्ति ने उन्हें बचाने का प्रयास किया लेकिन वो भी विफल हो गया और दोनों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। उधर बच्चों की मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। मां नीलम यादव, भाई अजीत यादव (27), अनुपम (19) और पूजा (17) रो–रोकर बेसुध हो गए। सूचना पाकर मौके पर पुलिस टीम के साथ एसओ विजय सिंह, एसडीएम जयसिंहपुर, शिव प्रसाद, लेखपाल लाल बहादुर श्रीवास्तव भी पहुंचे। पुलिस टीम ने घटनास्थल का जायजा लिया और परिवार को ढांढस बंधाया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### पशु तस्करों का पुलिस पर कातिलाना हमला, महिला चौकी इंचार्ज समेत तीन जवान घायल

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। जलालपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पराऊगंज पुलिस चौकी के पास बुधवार देर रात एक बड़ी आपराधिक वारदात सामने आई। करीब रात 12 बजे अज्ञात पिकअप सवार बदमाशों ने पुलिस टीम को जानबूझकर टक्कर मार दी, जिसमें महिला चौकी इंचार्ज प्रतिमा सिंह समेत चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल प्रतिमा सिंह को तुरंत वाराणसी ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया, जहां उनका इलाज जारी है। अन्य पुलिसकर्मियों को भी हाथ, पैर व सिर में चोटें आई हैं और उनका उपचार चल रहा है। प्रारंभिक जांच में इस घटना के पीछे पशु तस्करी से जुड़े गिरोह का हाथ होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ ही पिकअप वाहन की तलाश में जुट गई है। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। मौके की गंभीरता को देखते हुए एसपी सिटी, पीआरओ सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी ट्रॉमा सेंटर पहुंचकर घायल अधिकारियों का हालचाल लिया।

### लैब टेक्नीशियन तथा ब्लड बैंक इंचार्ज के बीच मारपीट, मुकदमा दर्ज

अयोध्या। गुरुवार की दोपहर जिला चिकित्सालय परिसर में लैब टेक्नीशियन तथा ब्लड बैंक इंचार्ज मे कहा सुनी हो गई। कहासुनी यहां तक पहुंची कि दोनों के बीच मारपीट हो गया।घटना की सूचना मिलते ही रिकाबगंज पुलिस ने पहुंच गई।इस मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस कार्यवाही करने में जुटी है। पुलिस ने बताया कि जिला अस्पताल में लैब टेक्नीशियन पद पर तैनात देवकाली पुलिस चौकी क्षेत्र के ध ानीराम पुरवा निवासी अनिल कुमार सिंह तथा ब्लड बैंक प्रभारी संदीप सिंह के बीच पुराने विवाद को लेकर कहां सुनी हो गई थी। कहां सनी यहां तक पहुंच गई कि दोनों में मारपीट की स्थिति उत्पन्न हो गई। फिलहाल पुलिस इस मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

### सी.बी.एस.ई.परीक्षा परिणाम में एल.पी.एस. के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। सी.बी.एस.ई.द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए, जिसमें लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेज के विद्यार्थियों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम गौरवान्वित किया। इस वर्ष कक्षा 12वीं में कुल 1207 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें सीतापुर शाखा के वंश शुक्ला ने 99.20: अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। गोमती नगर शाखा की अनुभूति वर्मा ने 97.80:, विद्युत शर्मा एवं अभिनव पांडे ने 97.60: अंक अर्जित किए। आम्रपाली योजना शाखा की अनुष्का गौतम एवं आयशा मोहम्मद खान ने 96.80:, जबकि वृंदावन शाखा की आकांक्षा तिवारी ने भी 96.80: अंक प्राप्त किए। कक्षा 10वीं में कुल 1203 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिसमें आम्रपाली योजना शाखा की मेंनहा सिंह ने 98.40: अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया। गोमती नगर शाखा की उनेजा शकील ने 98:, अंशुमान सिंह ने 97.60:, आम्रपाली योजना के मोहम्मद आजम अल्वी ने 95.80:, और अनिमेष मिश्रा ने 95.80: अंक प्राप्त किए।

# लखनऊ एयरपोर्ट पर थाई महिलाओं से पकड़ा गया 4 करोड़ का गांजा, 45 दिन में 24 करोड़ का गांजा सीज

लखनऊ, (संवाददाता)। लखनऊ और कानपुर मादक पदार्थों का गढ़ बनते जा रहे हैं। बुधवार को कस्टम अधिकारियों ने चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट लखनऊ में चार करोड़ रुपये का गांजा पकड़ा। इस हाइड्रोपोनिक वीड ( उच्च



क्वालिटी का गांजा) को दो थाई महिलाएं तस्करी से ला रही थीं, जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। डेढ़ महीने पहले 20 करोड़ का हाइड्रोपोनिक वीड पकड़ा गया था। इसे भी थाईलैंड से तस्करी के रास्ते लाया गया था। 12 मई को तीन दिन पहले ही जिम्मेदारी संभालने वाले कस्टम उपायुक्त नन्देश्वर सिंह के नेतृत्व में अध ीक्षक ज्योति सिंह और निरीक्षक शिवम् बाजपेई, आकाश दीक्षित, अंदीप यादव, अर्पित बाजपेयी, लोकेश, विवेक और अभिषेक की टीम ने जांच के दौरान बैंकाक से लखनऊ आ रही दो महिला थाई यात्रियों को रोका। एक्सरे में उनके ट्राली बैग में संदिग्ध पैकेट दिखे। तलाशी लेने पर खाद्य पदार्थों के बीच 4–4 पैकेट मिले, जिनमें हरे रंग का मादक पदार्थ भरा था। जांच में इसके गांजाध्हाइड्रोपोनिक वीडध मारिजुआना होने की पुष्टि हुई। लगभग 4.041 किलो गांजा की अनुमानित कीमत 4.041 करोड़ रुपये है। सूत्रों के मुताबिक गांजा की तस्करी करने वाली ये महिलाएं कैरियर हैं। थाईलैंड का ये गांजा या हाईड्रोफोनिक वीड ताजा और ज्यादा नशीला होता है। इसीलिए इसकी भारी मांग है। थाईलैंड में इसकी कीमत लगभग 25–30 लाख रुपये किलो है, जो भारत में एक करोड़ रुपये किलो बिकता है। सोने की तस्करी से ज्यादा कमाई गांजा की तस्करी में है। रेव पार्टियों में इस गांजा का जमकर इस्तेमाल हो रहा है। लखनऊ और कानपुर के बार,पब,क्लब और कालेजों के आसपास एक ग्राम वीड 2500 रुपये बेचा जा रहा है। महज 45 दिन में 24 करोड़ का गांजा केवल लखनऊ एयरपोर्ट पर सीज होना इसके बढ़ते इस्तेमाल का संकेत है।

# परिचित ने बेल्ट से कसकर मारा, मौके पर छूटी चप्पल से फंसा, डोरी से खुला राज

लखनऊ, (संवाददाता)। नगराम के कुबहरा गांव में चार मई को हुई महेश (35) की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। जांच में सामने आया कि हत्या मृतक के परिचित मंशाराम ने ही की थी। दोनों शराब के नशे में थे। इसी दौरान हुए विवाद के बाद मंशाराम ने पहले महेश की पिटाई की और फिर बेल्ट से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, गुमराह करने के लिए महेश का शव पास में ही एक कब्र पर रख दिया था। वारदात के बाद से आरोपी बेल्ट की जगह डोरी बांधकर घूम रहा था। मंशाराम ने घटना स्थल पर अपनी एक चप्पल भी छोड़ दी थी, जिसका दूसरा जोड़ा उसके घर से बरामद किया गया है। कड़ियां से कड़ियां जोड़कर पुलिस आरोपी तक पहुंची। एसीपी मोहनलालगंज रजनीश कुमार के अनुसार, महेश का शव पांच मई की सुबह गांव के बाहर सहजराम की कब्र पर मिला था। महेश की पत्नी सुनीता ने गांव के रामदीन रावत, उनके बेटे दीपू, लवकुश, लवकुश की मां विनीता, बहन रेशमा और गोसाईंगंज के कर्बला मीसा गांव निवासी सुरेंद्र कुमार के खिलाफ हत्या की एफआईआर दर्ज कराई थी। पुलिस ने करीब 55 लोगों से पूछताछ की और सभी के बयान वीडियो रिकॉर्ड किए। जांच के दौरान पाया गया कि मंशाराम आमतौर पर बेल्ट पहनता था, लेकिन घटना के बाद से वह डोरी बांध रहा था। पूछताछ में जब उसे एक बेल्ट दिखाई गई तो उसने पहले कहा कि वह बेल्ट महेश ले गया था, लेकिन बाद में हत्या स्वीकार कर ली। मंशाराम ने कबूला कि वह और महेश एक खाली प्लॉट में बैठकर शराब पी रहे थे। नशे में महेश गालीगलौज करने लगा। गुस्से में आकर उसने पहले धक्का दिया, इससे महेश के सिर में चोट आई और फिर बेल्ट से गला कसकर उसकी जान ले ली। हत्या के बाद मंशाराम ने गांव के कुछ लोगों को फंसाने के इरादे से शव को सहजराम की कब्र पर रख दिया। दरअसल, तीन साल पहले सहजराम ने आत्महत्या की थी और सुसाइड नोट में महेश व सुनीता को दोषी ठहराया था। इसी का फायदा उठाकर मंशाराम ने मामले को भटकाने की कोशिश की। मंशाराम ने इससे पहले नशे में रामदीन की मड़ैया भी जला दी थी, जिससे उसका उनके परिवार से विवाद हुआ था। वह इस मामले में भी रामदीन को फंसाना चाहता था। जांच में जिन लोगों पर एफआईआर दर्ज हुई थी, उनकी लोकेशन गांव में ही पाई गई और किसी की संलिप्तता नहीं मिली। पुलिस ने बगैर दबाव में आए किसी निर्दोष को गिरफ्तार नहीं किया। डीसीपी दक्षिणी निपुण अग्रवाल ने घटना का सफल खुलासा करने वाली पुलिस टीम को 25 हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा की है।

# समस्त ग्रंथों का सार है श्रीमद्भागवत कथा

लखनऊ, (संवाददाता)। सच्चे मन से कथा सुनने से भक्त पर ईश्वर की कृपा बरसती है, जिससे उसके जीवन का उद्धार हो जाता है। भगवान हमेशा ही भक्त के वश में रहे हैं। भक्त की अगाध भक्ति ईश्वर को इसके लिए मजबूर कर देती है। ये बातें क्षेत्र के पूरे रामदत्त मिश्र मजरे पनियार में श्रीमद्भागवत कथा के पहले दिन अयोध्या से पध ाारे प्रवाचक डॉ. रघुपति त्रिपाठी ने कहीं। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा अमर कथा है, जिससे प्रेरित होकर मानव जीवन की समस्त बाध ााओं से मुक्ति मिल जाती है। श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन तथा श्रवण करने वाले मनुष्य का जीवन पाप से मुक्त होकर धन्य हो जाता है। समस्त ग्रंथों का सार श्रीमद्भागवत कथा है। प्रवाचक ने कथा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राजा परीक्षित ने अपनी मृत्यु को निश्चित मान कर शुकदेव



मुनि से भागवत कथा सुनी। यहीं से ही भागवत कथा सुनने की परंपरा शुरू हुई। कथा के श्रवण से मनुष्य को संपूर्ण पापों से मुक्ति मिल जाती है। उन्होंने कहा कि भगवान हर हाल में अपने भक्तों का ख्याल रखते हैं। भक्त की भक्ति के आगे हमेशा ही भगवान को विवश होकर मदद के लिए आना पड़ा है। इसलिए प्रभु की भक्ति में सभी अपने मन को लगाएं। इस दौरान तारकेश्वर मिश्रा, राजेश मिश्रा, संगम शुक्ला, ओंकारनाथ शुक्ला, ललई सिंह, हौंसिला यादव, दूधनाथ मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# एयरपोर्ट पर थाई महिलाओं से पकड़ा चार करोड़ का गांजा

लखनऊ, (संवाददाता)। लखनऊ और कानपुर मादक पदार्थों का गढ़ बनते जा रहे हैं। बुधवार को कस्टम अधिकारियों ने चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट लखनऊ में चार करोड़ रुपये का गांजा पकड़ा। इस हाइड्रोपोनिक वीड (उच्च गुणवत्ता का गांजा) को दो थाई महिलाएं तस्करी करला रही थीं, जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। डेढ़ महीने पहले 20 करोड़ का हाइड्रोपोनिक वीड पकड़ा गया था। इसे भी थाईलैंड से तस्करी के रास्ते लाया गया था। 12 मई को तीन दिन पहले ही जिम्मेदारी संभालने वाले कस्टम उपायुक्त नंदेश्वर सिंह के नेतृत्व में अध ीक्षक ज्योति सिंह और निरीक्षक शिवम बाजपेई, आकाश दीक्षित, अंदीप यादव, अर्पित बाजपेयी, लोकेश, विवेक और अभिषेक की टीम ने जांच के दौरान बैंकाक से लखनऊ आ रही दो महिला थाई यात्रियों को रोका। एक्सरे में उनके ट्रॉली बैग में संदिग्ध पैकेट दिखे। तलाशी लेने पर खाद्य पदार्थों के बीच 4–4 पैकेट मिले, जिनमें हरे रंग का मादक पदार्थ भरा था। जांच में इसके गांजाध्हाइड्रोपोनिक वीडध मारिजुआना होने की पुष्टि हुई। लगभग 4.041 किलो गांजा की अनुमानित कीमत 4.041 करोड़ रुपये है। सूत्रों के मुताबिक गांजा की तस्करी करने वाली ये महिलाएं कैरियर हैं। थाईलैंड का ये गांजा या हाईड्रोफोनिक वीड ताजा और ज्यादा नशीला होता है। इसीलिए इसकी भारी मांग है। थाईलैंड में इसकी कीमत लगभग 25–30 लाख रुपये किलो है, जो भारत में एक करोड़ रुपये किलो बिकता है। सोने की तस्करी से ज्यादा कमाई गांजा की तस्करी में है। रेव पार्टियों में इस गांजा का जमकर इस्तेमाल हो रहा है। लखनऊ और कानपुर के बार,पब,क्लब और कालेजों के आसपास एक ग्राम वीड 2500 रुपये बेचा जा रहा है। महज 45 दिन में 24 करोड़ का गांजा केवल लखनऊ एयरपोर्ट पर सीज होना इसके बढ़ते इस्तेमाल का संकेत है।

# अंसल के खिलाफ पांच और एफआईआर

लखनऊ, (संवाददाता)। अंसल कंपनी के खिलाफ सुशांत गोल्फ सिटी थाने में पांच और केस दर्ज कराए गए हैं। कंपनी पर प्लॉट व फ्लैट के नाम पर 88.26 लाख की ठगी का आरोप है। विकासनगर सेक्टर–3 निवासी अनिल कुमार अग्रवाल के मुताबिक वर्ष 2011 में प्लॉट बुक कराकर 15 लाख का भुगतान किया था। अनिल की पत्नी राजरानी अग्रवाल सागर इंफ्रा डेवलपर्स की डायरेक्टर हैं। राजरानी ने भी 24.29 लाख का भुगतान कर प्लॉट बुक किया था। हजरतगंज के वजीर हसन रोड निवासी प्रतिमा मिश्र ने वर्ष 2010 में 23.53 का भुगतान कर दो प्लॉट बुक कराए थे।

इसके अलावा सुशांत गोल्फ सिटी निवासी अर्चना अग्निहोत्री ने वर्ष 2010 में प्लॉट बुक कर 14.59 लाख रुपये जमा किए थे। एसजीपीजीआई में तैनात डॉ. रविंद्र यादव ने वर्ष 2010 में अंसल के पैराडाइज डायमंड प्रोजेक्ट में 5.51 लाख रुपये जमा की फ्लैट बुक किया था। इसी तरह आलमबाग के अर्जुननगर निवासी राधा रानी गुप्ता ने वर्ष 2010 में पैराडाइज डायमंड प्रोजेक्ट है।

# एसएसपी डाक्टर गौरव ग्रोवर की कार्यशैली से फरियादियो मे जगी न्याय की आशा



(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता)

अयोध्या।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डाक्टर गौरव ग्रोवर की कार्यशैली से जहां एक ओर जिले की जनता खुश है।वहीं पुलिस विभाग में लापरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मियों के चेहरे पर काफी साफ–साफ पसीना दिखाई दे रहा है। इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जहां पर इन्होंने आते ही एक पर्ची सिस्टम प्रणाली जिले में शुरू किया जिससे कि इस पर्ची से फरियादियों को तुरंत न्याय तो मिल ही जाता है और इस पर्ची से उन दलालों तथा बिचौलियों को कोई लाभ नहीं मिलता जो वह धन आदि वसूली के नाम पर चाहते थे।क्योंकि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गौरव ग्रोवर की यह मंशा है कि कोई भी फरियादी बिना किसी हिचक तथा बिचौलिया सीधे वह अपनी बात पर्ची के माध्यम से उनसे मिलकर कह सकता है। इसका खुलासा गुरुवार को उस समय हुआ जब एक बिजोलिया किसी दूसरे फरियादी के पर्ची के नाम पर कप्तान के सामने पेश हुआ तो उन्होंने बिचौलिया को फटकार लगाते हुए पर्ची बनाने वाले पुलिसकर्मी को भी नहीं छोड़ा।उन्होंने सख्त हिदायत दिया कि पर्ची उसी की बननी चाहिए जो फरियादी हो इसके साथ ही साथ–साथ यह भी निर्देश दिए बीच में कोई बिचौलिया ना आए। जीता जागता उदाहरण बुधवार की देर रात तब दिखाई दिया जब जनसुनवाई में हीला हवाली करने वाले इनायत नगर थाने पर तैनात उप निरीक्षक, चंद्र मोहन शुक्ला को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए पुलिस लाइन का रास्ता दिखा दिया फरियादियों की जनसुनवाई पर तुरंत निस्तारण हो है यही आलम गुरुवार को इस कार्यवाही से कोतवाली नगर, थाना कैंट, थाना महिला के साथ सीओ सिटी के चेहरे पर भी पसीना दिखाई दियाइससे दो दिन पहले मंगलवार को उन्होंने बीकापुर सर्किल में ताबड़तोड़ कोतवाली बीकापुर, हैदरगंज,तारुन मे बिना बताए निरीक्षण किया।इसके साथ ही साथ बुधवार को इसी तरह बिना बताए मिल्कीपुर सर्किल में थाना कुमारगंज, खंडासा, तथा इनायत नगर थाना पर भी बिना बताए जा पहुंचे। गुरुवार को खास मुलाकात में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव ग्रोवर ने बताया कि उनकी मुख्य प्राथमिकता फरियादियों को त्वरित न्याय दिलाना है। साथ ही साथ उन लापरवाह पुलिस कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी जो की किसी भी विवेचना या जान सुनवाई में हीला हवाली कर रहे हैं उनके इस कार्यपाली से जिले की जनता में खास असर दिखाई दे रहा है।उन्होंने मुलाकात में यह भी बताया कि जरूरी नहीं कि उनके बैठने का समय दो ही बजे तक है।जब तक वहां उनके कार्यालय में पर्ची के माध्यम से जनसुनवाई के लिए फरियादी उपलब्ध रहेंगे तब तक वह बैठे रहेंगे इसलिए उन्होंने सभी फरियादियों से अपील किया है कि वह बेहिचक किसी भी समय उनसे उनके कार्यालय पर मिल सकते हैं।

# महिला एसओ ने थाना परिसर में खराब पड़े वाटर कूलर की कराई मरम्मत



अयोध्या।भीषण गर्मी में राहगीर पेयजल समस्या को लेकर भी काफी परेशान दिखाई दे रहे हैं।शहर के महिला थाना परिसर में काफी दिनों से खराब पड़े वाटर कूलर को महिला थानाध्यक्ष आशा शुक्ला की पहल पर ठीक कराया गया।मालूम हो कि यह वॉटर कूलर पिछले कई वर्षों से खराब था।इसे पहले भी कई महिला थानाध्यक्ष की तैनाती यहां पर हुए परंतु इस गंभीर समस्या पर किसी भी महिला थानाध्यक्ष की ध्यान नहीं गयी।बताते चलें महिला थानाध्यक्ष परिसर के अलावा बगल में ही सिटी कार्यालय रिकाबगंज चौराहा भी है। इसी सबको देखते हुए एक संस्था ने यहां पर वाटर कूलर लगाना जरूरी समझा था। कुछ दिन तक गर्मी के दोनों में यहां पर आने वाले फरियादियों तथा अन्य राहगीरों को इसका लाभ मिला। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से से यह खराब पड़ा हुआ था। दूर दराज से आने वाले फरियादियों को इस भीषण गर्मी में पानी के लिए इधर–उधर भटकना पड़ रहा था।इस समस्या को गंभीरता पूर्वक लेते हुए महिला थानाध्यक्ष ने इसे गुरुवार को ठीक कराया।उनकी इस पहल पर यहां पर मौजूद कई फरियादियों व अन्य लोगो ने उनकी भूरी भूरी प्रशंसा किया।

# पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने कई पाठ्यक्रमों के लिए परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि बढ़ी

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर, ।वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने कई पाठ्यक्रमों के लिए परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि बढ़ा दी है। यह सुविधा बीएड, एमएड, बीपीएड, बीएससी कृषि अष्टम सेमेस्टर और एमएससी कृषि चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों को दी गई है। इसके अलावा स्नातक और स्नातकोत्तर वार्षिक परीक्षा के छात्र भी इसका लाभ ले सकते हैं। छात्र अब 16 मई तक विलंब शुल्क के साथ फॉर्म भर सकते हैं। फॉर्म का सत्यापन भी इसी तिथि तक कराया जा सकता है। परीक्षा शुल्क 17 मई तक जमा किया जा सकेगा। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने बताया कि यह निर्णय छात्रों के हित में लिया गया है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह ने एक महत्वपूर्ण जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि जिन विद्यार्थियों ने पहले ही परीक्षा फॉर्म भर दिया है, वे बिना विलंब शुल्क के फॉर्म सत्यापित करा सकते हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि इस व्यवस्था से छात्रों को मेरिट के आधार पर उचित महाविद्यालय में प्रवेश मिल सकेगा। साथ ही किसी भी तरह के भ्रम या अनुचित दबाव से बचा जा सकेगा।

# कांग्रेस पार्टी ने मंत्री विजय शाह के खिलाफ किया प्रदर्शन, गिरफ्तारी की किया मांग



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर, । कांग्रेस पार्टी ने मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी को श्आतंकवादियों की बहनश कहकर संबोधित करने के खिलाफ गुरुवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।शहरअध्यक्ष आरिफ खान के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट परिसर में सैकड़ों कार्यकर्ता एकत्र हुए। कर्नल कुरैशी ने ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान में घुसकर आतंकी ठिकानों को नष्ट किया था। शहर अध्यक्ष आरिफ खान ने कहा कि देश की वीर बेटी का इस तरह अपमान करना पूरे देश का अपमान है। हम सरकार से मांग करते हैं कि जल्द से जल्द उनको गिरफ्तार किया जाय। वरिष्ठ कांग्रेस नेता राकेश सिंह डब्बू ने कहा कि कर्नल कुरैशी ने अपनी वीरता से देश का नाम रोशन किया है। प्रदर्शन में यूथ कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल और अन्य फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए।

कांग्रेस नेताओं ने मांग की है कि विजय शाह की विधानसभा सदस्यता रद्द की जाए और उन्हें गिरफ्तार किया जाए। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पूरे प्रदेश में इस मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया है।

# सफलता: अभिक्षा ने परिवार का गौरव बढ़ाया



हरदोई(अम्बरीष कुमार सक्सेना)

सीबीएसई की हाईस्कूल की परीक्षा में उधरनपुर की अभिक्षा श्रीवास्तव ने 93.4 प्रतिशत अंक पाकर में अपने परिवार का नाम रोशन किया है।अभिक्षा ने नालंदा शिक्षण संस्थान से इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने की सफलता पाई है। अच्छे अंक अर्जित करने वाली होनहार अभिक्षा के पिता अभिषेक श्रीवास्तव अधिवक्ता और माता रश्मि श्रीवास्तव ने इसको अपनी बेटी की मेहनत और लगन के साथ गुरुजनों के मार्गदर्शन व बड़ो के आशीर्वाद का परिणाम बताया है।होनहार बेटी अभिक्षा ने बताया कि वह बड़े होकर आईएएस बन कर देश का गौरव बढ़ाना चाहती है।कहा कि अगर प्रयास सार्थक दिशा में है तो मंजिल प्राप्त करना आसान है इसलिये सदैव अपने लक्ष्य को निर्धारण करके तैयारी करना चाहिए।इस सफलता पर उनके परिवारिकजनों ने हर्ष व्यक्त किया साथ ही स्कूल परिवार ने भी अपनी छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# करंजा कला ब्लॉक में ग्राम पंचायत अधिकारी संघ का गठन सम्पन्न

देश की उपासना।
धनन्जय विश्वकर्मा,

जौनपुर ।ग्राम पंचायत अधिकारी संघ सर्वसम्मति का गठन गुरुवार को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुए। अध्यक्ष डॉ. राम कृष्ण यादव के निर्देशन में ग्राम पंचायत अधिकारियों ने सर्वसम्मति से नागेंद्र कुमार यादव को अध्यक्ष,



अमित सोनकर को उपाध्यक्ष, नवनीत सिंह को मंत्री, नीतू साहु कोषाध्यक्ष एवं प्रमोद यादव संप्रेक्षक मीडिया प्रभारी अवधेश यादव को निर्वाचित किया।

बैठक की अध्यक्षता पंचायत सहायक विकास अधिकारी डॉक्टर रामकृष्ण यादव एवं संचालन सफाई कर्मी अध्यक्ष मंगला यादव ने किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष नागेंद्र कुमार यादव ने साथियों का आभार जताते हुए कहा कि संगठन के हित में पूरी निष्ठा से कार्य करने का आश्वासन दिया। इस दौरान कई ग्राम पंचायत अधिकारी लोग उपस्थित रहे।

# कार्तिक कृष्ण पांडेय ने सीबीएसई बोर्ड इंटरमीडिएट साइंस ग्रुप में किया जिला टॉप



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर कार्तिक कृष्ण पांडेय ने सीबीएसई बोर्ड इंटरमीडिएट साइंस की परीक्षा में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में पहला स्थान हासिल किया है। कार्तिक के पिता कृष्णानंद पांडेय जिले में लेखपाल के पद पर कार्यरत हैं। बुधवार को जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने कार्तिक को अपने कार्यालय में बुलाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग के लेखपाल के बेटे का जिला टॉपर बनना पूरे जनपद और विभाग के लिए गौरव की बात है। डीएम ने घोषणा की कि जिले के सभी सफल छात्रों का सम्मान जल्द ही किया जाएगा। उन्होंने बताया कि डीआईओएस से चर्चा कर एक–दो दिन में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुसार मेधावी छात्रों के सम्मान की तैयारियां की जा रही हैं। कार्तिक ने अपनी सफलता का श्रेय माता–पिता को दिया। उन्होंने बताया कि परिवार का पूरा सहयोग मिला। कार्तिक ने अपना भविष्य का लक्ष्य सिविल सेवा में जाने का बताया है। कार्तिक ने कहा उसे डॉ दिनेश चंद्र सिंह की तरह जिलाधिकारी बनकर देश और समाज के सेवा करना चाहते हैं।

# कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इण्डिया ट्रेडर्स के तत्वावधान में आयोजित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के बैनर तले 16 मई, शुक्रवार को दिल्ली केष्द ललित होटलष में नेशनल कांफ्रेंस का आयोजन किया गया है। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष एवं कैट के राष्ट्रीय संगठन मंत्री (उत्तर भारत )संजय गुप्ता ने बताया इस कॉन्फ्रेंस में देश के सभी राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों के शीर्ष व्यापारी नेता शामिल होंगे तथा नेशनल कॉन्फ्रेंस में तुर्की,अजरबैजान द्वारा पाकिस्तान को खुलकर समर्थन दिए जाने के विषय पर इन देशों के साथ व्यापार न किए जाने तथा इन देशों को आर्थिक नुकसान पहुंचाने के लिए इनके बायकाट का निर्णय लेते हुए आर्थिक चोट पहुंचाने का रोड मैप तैयार किया जाएगा। जिसमें पाकिस्तान का समर्थन करने के कारण तुर्की एवं अजरबेजान के साथ व्यापारियों द्वारा सभी वस्तुओं का आयात–निर्यात व्यापार बंद किए जाने पर निर्णय लिया जाएगा'

नेशनल कॉन्फ्रेंस में विदेशी ई कॉमर्स कंपनियों द्वारा भारत के रिटेल व्यापार को हड़पने की सुनयोजित साजिश के खध्लिाफ भी बड़े निर्णय लिए जाएँगे।

व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने कहा दुश्मन देश का साथ देने वाले देशों को भारत के व्यापारी दुश्मन देश के रूप में लेते हुए अधिक से अधिक आर्थिक नुकसान पहुंचाने की तैयारी करेंगे। ताकि भविष्य में कोई पाकिस्तान का सहयोग करने की हिम्मत न कर सके कैट के राष्ट्रीय संगठन मंत्री (उत्तर भारत) एवं उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने बताया कि उपलब्ध जानकारी के मुताबिक अप्रैल 2024 से लेकर फरवरी 2025 के अप्रैल के बीच भारत का तुर्की को निर्यात 5.2 अरब अमेरिकी डॉलर रहा, जबकि 2023–24 में यह आंकड़ा 6.65 अरब अमेरिकी डॉलर था जबकि इसी अवधि में भारत का तुर्की से आयात 2.84 अरब अमेरिकी डॉलर रहा, जो 2023–24 में 3.78 अरब अमेरिकी डॉलर था। इसी प्रकार इसी अवधि में अजरबैजान को भारत का निर्यात केवल 86.07 मिलियन अमेरिकी डॉलर रहा, जबकि 2023–24 में यह 89.67 मिलियन अमेरिकी डॉलर था।दूसरी तरफ अजरबैजान से भारत का आयात इसी समय के दौरान केवल 1.93 मिलियन अमेरिकी डॉलर रहा, जो 2023–24 में 0.74 मिलियन अमेरिकी डॉलर था।

व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने बताया कि भारत से तुर्की को

रिफाइंड पेट्रोलियम, मोटर व्हीकल्स और पार्ट्स, स्टील, कैमिकल्स, दवाएं, कीमती पत्थर और वस्त्र सहित कई प्रमुख वस्तुएं निर्यात होती हैं जबकि तुर्की से भारत को

कच्चा पेट्रोलियम,मशीनरी, मार्बल, गोल्ड, फल, प्लास्टिक और वस्त्र आयात होते हैं।

भारत से अजरबैजान को तंबाकू, इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी, दवाएं, सिरेमिक उत्पाद, अनाज आदि निर्यात होते हैं जबकि अजरबैजान से भारत को प्रमुख रूप से खनिज तेल, केमिकल्स, कच्ची खालें, एल्यूमिनियम और कॉटन आदि आयात होते हैं।

संजय गुप्ता ने कहा कि व्यापारिक बहिष्कार के परिणामस्वरूप तुर्की को निर्यात में अरबों डॉलर के नुकसान के साथ–साथ घरेलू उद्योगों, जैसे स्टोन और माइनिंग, फर्नीचर, वस्त्र, और खाद्य प्रसंस्करण पर बड़ा असर होगा।

संजय गुप्ता ने स्पष्ट कहा कि इन दोनों देशों का भारत के साथ व्यापार उनके लिए लाभकारी है और यदि भारतीय व्यापारी और उद्योगपति सामूहिक रूप से इन देशों का व्यापारिक बहिष्कार करते हैं, तो यह उन्हें आर्थिक रूप से झकझोर देगा और उन्हें भारत के खिलाफ खड़े होने की कीमत चुकानी पड़ेगी।

# दर्दनाक सड़क हादसे में सात की मौत, दो घायल

हरदोई(अम्बरीष कुमार सक्सेना)

कासिमपुर थाना क्षेत्र में आज बृहस्पतिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में सात लोगों की जान चली गई।जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा कासिमपुर क्षेत्र के हरदलमऊ गांव के पास उस समय हुआ जब एक तेज रफ्तार डंपर ने सामने से आ रहे ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार सभी लोग इधर–उधर बिखर गए। पुलिस ने मृतकों की शिनाख्त की है, रंजीत (27) ऑटो चालक निवासी बाजरखेड़ा कासिमपुर, निसार (35) निवासी बनवा कछौना, रविंद्र (19) पुत्र नंदराम निवासी ग्राम मलहन खेड़ा थाना कासिमपुर, फूलजहां (28) पत्नी सिराज निवासी ग्राम बेहटा थाना बेहटा मुजावर जनपद उन्नाव, अंकित (20) पुत्र राम सिंह निवासी ग्राम बहदिन थाना कछौना, बिटान उर्फ पिंकी 30 पत्नी रोहित



निवासी ग्राम धतीगढ़ा थाना कासिमपुर और मृतक अयाज (3) पुत्र सिराज निवासी ग्राम बेहटा मुजावर जनपद उन्नाव शामिल हैं। हादसे में दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें प्राथमिक इलाज के लिए रिफर किया जिनका नाम सिराज पुत्र सफी जान (26 वर्ष) निवासी बेहटा मुजावर उन्नाव जबकि एक बच्चे को जिसका नाम जुगनू पुत्र रोहित(7 वर्ष)निवासी छतिगढ़ा थाना कासिमपुर को हरदोई में भर्ती कराया गया।जिन्हें बाद में लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए संडीला सीएचसी भेज दिया। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है और मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी नीरज कुमार जादौन स्वयं मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। एसपी ने पीड़ित परिवारों को न्याय का भरोसा दिलाते हुए कहा कि घटना में शामिल डंपर चालक को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा और उस पर कठोर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# पुलिस मुठभेड़ में एक गौ तस्कर गिरफ्तार महिला सहयोगी भी हिरासत में

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। शाहगंज कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बीते बुधवार की रात जमुदानीपुर गांव के पास पुलिस टीम की गौतस्कर के साथ हुई मुठभेड़ में पुलिस की गोली से एक गौतस्कर घायल हो गए जिसे मौके से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के बाद पुलिस ने उसके सहयोगी एक महिला को भी गिरफ्तार किया,दोनो के पास से पुलिस ने 1 कुंतल 20 किलो गौ मांस के साथ एक तमंचा,दो कारतूस,एक बाइक,चाकू,गड़ासा और तराजू बांट बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ द्वारा अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शाहगंज क्षेत्र के जमदानीपुर गांव के पास बुधवार देर रात पुलिस और गौ तस्कर के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान एक तस्कर सादाब पुत्र फरहान निवासी भरौली, थाना सबरहद गोली लगने से घायल हो गया, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मामले में जानकारी देते हुए क्षेत्राधिकारी अजीत सिंह चौहान ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक को सूचना मिली थी कि एक युवक बाइक से अवैध मांस लेकर गुजरने वाला है। इस पर पुलिस ने भरौली–दीदारगंज मार्ग पर घेराबंदी की। कुछ देर बाद जैसे ही संदिग्ध युवक पहुंचा, उसे रोकने का प्रयास किया गया तो उसने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में उसके दाहिने पैर में गोली लगी और वह मौके पर ही पकड़ा गया।पुलिस ने मौके से एक तमंचा, कारतूस, बाइक और करीब एक कुंतल 20 किलो मांस बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और उसके आपराधिक इतिहास व नेटवर्क की जांच की जा रही है।

# सामूहिक विवाह समारोह 25 मई को, सौ से अधिक जोड़े एक साथ लेगे साथ फेरे



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। मानव एकता एसोसिएशन व योगी सेना भारत के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 25 मई को गरीब निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जा रहा है। सरोजनी नगर स्थित प्रेम शिवकला लान, ग्राम अमौसी, हैंडल तिराहा, निकट अमौसी रेलवे–स्टेशन में होने वाले इस सही समारोह की जानकारी आज यहां ओसीआर विधायक निवास में मानव एकता एसोसिएशन के अध्यक्ष एल.पी. सिंह एवं योगी सेना भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव वर्मा ने संयुक्त रूप से दी। इस मौके पर योगी सेना(भारत) राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव सौम्या माया भट्ट, राष्ट्रीय सचिव मोहित मिश्रा सहित आयोजक मण्डल के कई सदस्य मौजूद थे। इस मौके पर मानव एकता एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एल. पी. सिंह बताया कि हमारा विगत सात वर्षों से निरन्तर गरीब निर्धन कन्याओं का सामुहिक विवाह आयोजन कराता आ रहा है और इस वर्ष आगामी 25 मई को सरोजनी नगर स्थित प्रेम शिवकला लान, ग्राम अमौसी, हैंडल तिराहा, निकट अमौसी रेलवे–स्टेशन सरोजनी नगर लखनऊ में सम्पन्न होगा। योगी सेना(भारत) के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव वर्मा ने कहा कि हमारा संगठन निरन्तर सनातन धर्म के को जागरूक करने के लिए कार्य कर रहा है इसी कन्यादान महादान होता है हम सभी लोग मिलकर हिन्दू रीति रिवाज से बहनो का विवाह सम्पन्न कराते है जिसमें उत्तर प्रदेश के 15 जिले से एवं बिहार से भी जोड़े 18 जोड़े साथ फेरे लेंगे। योगी सेना(भारत)राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव सौम्या माया भट्ट के कहा जिन बहनो के भाई नहीं होते ।

सान्ध्य हिन्दी दैनिक देश की उपासना

स्वात्वाधिकारी में. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव
मो0 - 7007415808, 9628325542, 9415034002
RNI NO - UPHIN/2022/86937
Email - deshkiupasanadailynews@gmail.com

समाचार–पत्र से संबधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायालय होगा।